RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार, 17 अक्टूबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 156 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## उद्धव ठाकरे गुट की प्रत्याशी के पक्ष में उतरे राज ठाकरे

### भाजपा को लिखा हैरान करने वाला पत्र...




**मुंबई :** उद्धव ठाकरे और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे एक दूसरे के धुर विरोधी माने जाते हैं। हालांकि राज ठाकरे ने भाजपा को एक पत्र लिखकर चौंका दिया है। पत्र में उन्होंने अंधेरी ईस्ट में होने वाले उपचुनाव की उद्धव गुट की प्रत्याशी ऋतुजा लटके का पक्ष लिया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से ऐसी मांग की है जिसकी किसी को उम्मीद ही नहीं थी। उन्होंने कहा, अंधेरी पूर्व सीट पर भाजपा को अपना उम्मीदवार नहीं उतारना चाहिए जिससे कि ऋतुजा ल टके जीत सकें।

बता दें कि ऋतुजा पूर्व विधायक रमेश लटके की विधवा हैं। इस साल की शुरूआत में रमेश लटके की मौत हो गई थी। अपने पत्र में राज ठाकरे ने लिखा, मुझे लगता है कि अगर भाजपा अपना प्रत्याशी नहीं उतारती है तो यह यहां के विधायक के लिए श्रद्धांजलि होगी। ऐसा करना भी महाराष्ट्र की महान संस्कृतिका हिस्सा बनना ही होगा। मुझे उम्मीद है कि आप मेरा निवेदन मानेंगे। उन्होंने कहा, रमेश लटके एक बहुत ही अच्छे कार्यकर्ता थे।

राज ठाकरे ने लिखा, लटके ने अपना राजनीतिक सफर एक शाखा प्रमुख के तौर पर शुरू किया था। मैंने उनका राजनीतिक संघर्ष देखा है। उनकी मौत के बाद अगर उनकी पत्नी विधायक बनती है तो रमेश की आत्मा को शांति मिलेगी। बता दें कि राज ठाकरे ने उद्धव ठाकरे से मतभेद के चलते ही साल 2006 में अपनी अलग पार्टी (महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना) बना ली थी। भाजपा की तरफ से राज ठाकरे के इस पत्र का कोई जवाब नहीं दिया गया है। वहीं भाजपा के प्रत्याशी मुरजी पटेल ने कहा है कि अगर पार्टी बोलेगी तो वह अपना नामांकन वापस लेने को तैयार हैं।

बता दें कि इससे पहले बीएमसी ने ऋतुजा का इस्तीफा नहीं स्वीकार किया था। ऐसे में उनका चुनाव लड़ना मुश्किल हो रहा था। हालांकि बाद में कोर्ट के आदेश के बाद बीएमसी ने इस्तीफा स्वीकार कर लिया। वह बीएमसी में क्लर्क के तौर पर काम करती थीं। इस चुनाव के लिए उद्धव ठाकरे गुट को मशाल और एकनाथ शिंदे गुट को ढाल और तलवार चुनाव निशान मिला है।

## एक नवंबर से चार पहिया वाहनों में ड्राइवर और यात्रियों को लगाना होगा सीट बेल्ट



**मुंबई :** मुंबई में एक नवंबर से चार पहिया वाहनों के चालकों और सह यात्रियों को सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य है। यह जानकारी मुंबई पुलिस ने दी। सीट बेल्ट नहीं पहनने पर दंडित किया जाएगा है। सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं के बाद यह फैसला लिया गया है। एक एजेंसी के मुताबिक, मुंबई पुलिस ने कहा कि एक नवंबर से महानगर में चार पहिया वाहन चालकों और सह-यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य होगा। शहर पुलिस की यातायात शाखा ने एक बयान में सभी मोटर चालकों और वाहन मालिकों को एक नवंबर से पहले चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट की सुविधा का निर्देश दिया है और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी है।

एक अधिकारी ने कहा कि एक नवंबर के बाद मुंबई की सड़कों पर चार पहिया वाहनों में यात्रा करने वाले सभी मोटर वाहन चालकों और यात्रियों को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट पहनना होगा। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम की धारा 194 (बी) (1) के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिनियम के प्रावधान के अनुसार, जो कोई भी बिना सुरक्षा बेल्ट पहने मोटर वाहन चलाता है या बिना सीट बेल्ट पहने यात्रियों को ले जाता है, उसे दंडित किया जाएगा। गौरतलब है कि टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री की पिछले महीने पालघर जिले से सटे एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। दुर्घटना की जांच से पता चला है कि मर्सिडीज कार की पिछली सीट पर बैठे व्यापारी ने सुरक्षा बेल्ट नहीं पहनी हुई थी।

## अंधेरी पूर्व विधानसभा में उपचुनाव के दिन होगी छुट्टी, महाराष्ट्र सरकार ने किया ये एलान



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र सरकार ने अंधेरी पूर्व विधानसभा क्षेत्र में तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव के दिन सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की. शनिवार को जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह अवकाश केंद्र और राज्य सरकार के कार्यालयों, अर्ध-सरकारी कार्यालयों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य पर लागू होगा. विज्ञप्ति में कहा गया है कि छुट्टी उन मतदाताओं के लिए भी मान्य होगी जो विधानसभा क्षेत्र की सीमा से बाहर काम करते हैं. मुंबई उपनगरीय जिला कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी निधि चौधरी ने नागरिकों से बड़ी संख्या में मतदान करने की अपील करते हुए कहा, ''इस उपचुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर जन जागरूकता उत्पन्न की जा रही है. '' जून में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार के सत्ता से हटने के बाद राज्य में यह पहला उपचुनाव होगा.

## कुर्ला न्यू नूर हॉस्पिटल की लापरवाही को सामने लाने पर डॉक्टरों ने किया तीन पत्रकार पर जानलेवा हमला

**मुंबई :** दरअसल मामला 14 अक्टूबर का है जहां एक अजीम डॉक्टर ने मरियां मेटरनिटी चाइल्ड केअर सेंटर से न्यू नूर में एक 11 महीने बच्चे को नूर हॉस्पिटल रेफर किया था और उन्होंने यह कहा था कि वे नूर हॉस्पिटल में भर्ती कराएं जिसके बाद में अजीम डॉक्टर वहां आकर उस बच्चे का इलाज करेंगे हुबहू परिवार ने ऐसे ही किया बच्चे को न्यू नूर हॉस्पिटल में भर्ती कराया और भर्ती कर आते वक्त पेमेंट भी किया और इसकी सूचना डॉक्टर अजीम को दी डॉक्टर अजीम ने कहा थोड़ी देर रुको मैं आता हूं जिसके बाद 5 घंटे बीत गए लगभग 50 कॉल कर डाले मगर डॉक्टर अजीम ने एक भी कॉल उठाया नहीं और ना ही डॉक्टर अजीम ने हॉस्पिटल का कॉल उठाया जिसके बच्चा जिंदगी और मौत के बीच खड़ा रहा बाद बच्ची की हालत कुछ इस तरह से क्रिटिकल हो गई कि वहां मौजूद डॉक्टर अयस ने 5 घंटे बाद उस बच्चे को सीपीआरअस देकर उसकी जान बचाई और फिर नजदीकी हॉस्पिटल क्रिटीकेयर में उस बच्चे को भर्ती कराया गया और मिली जानकारी के अनुसार न्यू नूर में दो डॉक्टर और थे उन्होंने परिवार वालों से यह कहा कि यह डॉक्टर अजीम का पेशेंट है तो इसे आकर डॉक्टर अजीम ही देखेंगे इस बीच उस बच्चे की हालत बहुत नाजुक हो गई थी और बच्चे को दो





**डॉ आसिफ खान अरोपी**



**एजाज खान लैब तकनीशियन**

अटैक भी आता था इसे न्यूज को कवर करने गए तीन पत्रकार जब हॉस्पिटल का बाहर से खड़े रहकर वीडियो ले रहे थे तो हॉस्पिटल के कुछ स्टाफ और डॉक्टर ने उन्हें वीडियो लेने से मना कर दिया और वह वीडियो बंद करके चुपचाप आगे बढ़ने लगे तो पीछे से डॉक्टर आसिफ ने आवाज देकर अबशब्द कहा और वीडियो डिलीट करने को कहा मगर उन्होंने वीडियो डिलीट नहीं किया और फिर इस बात पर गुस्सा डॉ आसिफ ने पत्रकार पर हमला किया और डॉक्टर आसिफ के साथियों ने भी इन तीनों पत्रकार पर खूनी हमला किया उसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बाबा हॉस्पिटल ले जाकर उनको उपचार दिया और कुछ सुविधा ना होने के कारण उन्हें साइन हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया जहां उपचार हुआ और फिर से पुलिस स्टेशन में आए और डॉक्टर आसिफ और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज करें और आगे की जांच कर रही है।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# घाटी में टारगेट किलिंग

*कश्मीर में लगातार हो रही टारगेट किलिंग के विरोध में आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने रविवार को सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सड़क जाम करने का भी प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर आप कार्यकर्ताओं को वहां से हटाया। कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में भी लिया, जिनको बाद में छोड़ दिया गया। पुलिस लाठीचार्ज में आप के जम्मू यूथ विंग के इंचार्ज परविंदर सिंह सहित कुछ अन्य कार्यकर्ताओं को चोट आई है। आप कार्यकर्ता शनिवार को कश्मीर के शोपियां में हुई कश्मीरी हिंदू की हत्या का विरोध करने के लिए प्रेस क्लब के बाहर एकत्र हुए थे। उनका कहना था कि भाजपा सरकार देश-दुनिया को कश्मीर की सच्चाई नहीं बता रही है। आज जिस तरह वहां कश्मीरी हिंदुओं को चुन-चुन कर आतंकी मार रहे हैं, उससे ऐसा लगता है कि 1990 के दौर की वापसी हो चुकी है। अब वहां पहले से भी ज्यादा माहौल खराब हो गया है और कोई कश्मीरी हिंदू कर्मी वहां नौकरी नहीं करना चाहता है। सरकार कश्मीरी हिंदुओं की सुरक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। आप नेता महाराज कृष्ण योगी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर एक गंभीर सुरक्षा स्थिति का सामना कर रहा है, जिसमें निर्दोष नागरिक आतंकियों के आसान शिकार बन रहे हैं। कश्मीरी पंडित समुदाय इससे डरा हुआ है। भाजपा से उसे घर वापसी के सपने दिखाकर वोट हासिल किया फिर उनको भुला दिया गया। अब वे घाटी से विस्थापित होने वालों को वहां बसाने के बारे में बात नहीं करती है। डीडीसी सदस्य और आप नेता तरनजीत सिंह टोनी ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर के दौरे के समय कहा था कि अब घाटी में हालात बदल चुके हैं, लेकिन हकीकत इससे अलग है। सच्चाई यह है कि कश्मीर में भाजपा शासन में सबसे ज्यादा आतंकी हमले हो रहे हैं।*

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# एकता को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

**नई दिल्ली**, कोरोना काल में लॉकडाउन के दौरान मनोरंजन का बड़ा जरिया साबित हुए ओटीटी (ओवरझ्रदझ्रटॉप) प्लेटफॉर्म निरंकुश अश्लीलता के कारण हमेशा विवादों में रहते हैं। ओटीटी के लगभग सभी प्लेटफॉर्मों पर हिंसा और अश्लीलता की भरमार को खासकर युवा पीढ़ी पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह बात अब सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वीकार कर ली है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी विवादित वेब सीरीज '' में आपत्तिजनक सामग्री के कारण एकता को सुप्रीम कोर्ट से 'सर्वोच्च' फटकार खानी पड़ी है। आपत्तिजनक सामग्री दिखाने के मामले में अब सुप्रीम कोर्ट ने एकता कपूर को फटकार लगाते हुए कहा कि आप युवाओं का दिमाग दूषित कर रही हैं। लोगों के अपनी फिल्मों एवं धारावाहिकों में बोल्ड एवं विवादित विषयों को बिंदास उठाकर लोकप्रियता बटोरने का प्रयास फिल्म निमार्ता एकता कपूर को महंगा पड़ गया है।

बता दें कि एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर पिछले काफी समय से लगातार चर्चा में हैं। उनकी ऑल्ट बालाजी पर प्रसारित हुई वेब



सीरीज ''सीजन २'' को लेकर लंबे समय से कोर्ट में मामला चल रहा है। ''वेब सीरीज से नाराज आर्मी के परिवार वालों ने एकता कपूर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इस मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद एकता कपूर ने वारंट को चैलेंज करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिस पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एकता कपूर को कड़ी फटकार लगाई है।

गौरतलब हो कि वर्ष २०२० में पूर्व सैनिक शंभू कुमार की शिकायत पर बेगूसराय की ट्रायल कोर्ट ने एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ वारंट जारी किया था। उनका कहना था कि एकता कपूर ने ऑल्ट बालाजी की '' वेब सीरीज के दूसरे सीजन में एक सैनिक की पत्नी के साथ आपत्तिजनक दृश्य दिखाए गए थे। इतना ही नहीं पूर्व सैनिक ने अपनी इस याचिका में फिल्म मेकर पर ये भी आरोप लगाया था कि उन्होंने इस सीरीज के कंटेंट के जरिए कथित रूप से सैनिकों और उनके परिवार की भावनाओं को आहत किया है। इसी मामले में एकता कपूर द्वारा याचिका पर कोर्ट सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा,' ये कोर्ट उनके लिए नहीं है जिनकी अपनी आवाज है, बल्कि उनके लिए है जो अपने लिए आवाज नहीं उठा पाते। जिन लोगों के पास सभी व्यवस्थाएं हैं और उन्हें न्याय नहीं मिल रहा है, तो जरा उनकी स्थिति के बारे में सोचिए, जिनके पास कुछ भी नहीं है। हमने ऑर्डर देख लिया है और हमारी अपनी आपत्ति है। साथ ही फिल्ममेकर को इस बात के लिए भी वॉर्न किया है कि अगर अब कोई और दलील उनके पास आती है, तो उनसे एक लागत वसूल की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि आप एक अच्छा वकील हायर कर सकती हैं, इसलिए आपसे ये लागत ली जाएगी। पीठ ने एकता कपूर के वकील मुकुल रोहतगी को भी हिदायत देते हुए कहा, 'हर बार जब आप इस अदालत में आते हैं, तो हम इसकी सराहना नहीं कर सकते। हम इस तरह की याचिका दायर करने के लिए आप पर एक लागत डालेंगे।



## पुजारी पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**ठाणे,** ठाणे शहर के एक आश्रम में एक पुजारी पर चाकू से हमला करने के आरोप में 35 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेट्र के मुताबिक, श्रीनगर पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक सुनील शाइन ने बताया कि घटना शुक्रवार दोपहर शहर के रामनगर इलाके में स्थित आश्रम में हुई। नशे की हालत में आरोपित ने 63 वर्षीय पुजारी पर कथित तौर पर चाकू से हमला किया। हमले में पुजारी बाल-बाल बच गए। अधिकारी ने कहा कि उस समय आश्रम में मौजूद एक व्यक्ति ने आरोपित से चाकू छीन लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नशे में था और उसने आश्रम पर पथराव किया। पुजारी ने जब उससे इस बारे में पूछा तो उसने उस पर चाकू से हमला कर दिया। गिरफ्तार आरोपित के खिलाफ धारा 307 (हत्या का प्रयास) और भारतीय दंड संहिता की अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पालघर में साल 2020 में साधुओं की निर्मम हत्या के बाद नांदेड़ में एक साधु की हत्या का मामला सामने आया था। यह मामला घटना नादेंड़ के उमरी तालुका का है, जहां साधु की हत्या की वारदात हुई। पुलिस को आश्रम से थोड़ी दूर पर एक शव मिला। नांदेड़ पुलिस अधीक्षक विजयकुमार ने कहा कि नांदेड़ के उमरी में एक साधु का शव उनके आश्रम में मिला।

## बुजुर्ग डॉक्टर से धोखाधड़ी कर अस्पताल पर कर लिया कब्जा, चार पर केस

**ठाणे,** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 79 साल के एक डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। चार लोगों ने बुजुर्ग डॉक्टर से धोखा करते हुए उनके अस्पताल पर कब्जा कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। डॉक्टर ने शुक्रवार को ठाणे के कालवा पुलिस थाने से इस मामले में शिकायत की थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात करने पर भादंवि की धारा 406, धोखाधड़ी के आरोप में धारा 420 व अन्य संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है।

## महाराष्ट्र में शिंदे-फडणवीस सरकार लोगों के हित में फैसले ले रही है: मंत्री चंद्रकांत पाटिल



**पुणे,** महाराष्ट्र के एक मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने शनिवार को दावा किया कि शिंदे गुट का एक भी विधायक नाखुश नहीं है और प्रदेश सरकार लोगों के हित में फैसले ले रही है।

पाटिल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि एकनाथ शिंदे-देवेंद्र फडणवीस नीत सरकार ने 100 दिन पूरे कर लिए हैं और कोई भी विधायक नाखुश नहीं है।

सावित्रीबाई फुले, पुणे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'मुक्त संवाद' कार्यक्रम में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की थी।

पाटिल ने कहा, ''पहले दिन से ही राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अजीत पवार, जयंत पाटिल और कांग्रेस नेता नाना पटोले ने दावा किया था कि यह सरकार जल्द गिर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। राज्य सरकार लोगों के फायदे के लिए हर रोज नये फैसले ले रही है।''

पाटिल पुणे के प्रभारी मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को शहर में हुई भारी बारिश के कारण कुछ स्थानों पर जलजमाव की स्थिति बन गई थी और इसकी जांच की जाएगी।

उन्होंने कहा, ''भारी बारिश के कारण पुणे जिले को नुकसान हुआ है। मैं जिला अधिकारी से बात करूंगा और उनसे नुकसान का आकलन करने के लिए कहूंगा।''

शहर में बढ़ते यौन शोषण के मामलों के बारे में पूछे जाने पर, पाटिल ने कहा, ''संरक्षक या प्रभारी मंत्री के रूप में, मैं जिले से संबंधित हर एक विषय की समीक्षा करूंगा।

# नदी के घाट पर सेल्फी ले रहे थे एक ही परिवार के 4 लोग, पैर फिसला और 2 पानी में बह गए...



**विरार :** विरार इलाके में वैतरणा नदी के घाट पर सेल्फी लेने के दौरान बड़ा हादसा हुआ है। सेल्फी लेते समय 4 लोग फिसल कर नदी में गिर गए। इनमें से 2 बाहर निकल पाने में सफल रहे, लेकिन 2 की डूबने से मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों शव बरामद कर लिए गए हैं। चारों लोग एक ही परिवार के सदस्य थे। मांडवी थाने के सीनियर निरीक्षक प्रफुल्ल वाघ ने बताया कि नीला दामीसिंह डासना (24) और संतू डासना (15) चार लोगों के एक समूह का हिस्सा थीं। शनिवार शाम करीब 6 बजे जब ये लोग सेल्फी ले रहे थे तभी यह घटना हुई। उन्होंने कहा, 'सेल्फी लेने के दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और लहरों का प्रवाह तेज होने के कारण वे डूब गए।'

राज्य में भारी बारिश के बाद फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। विदर्भ, मराठवाड़ा के किसान प्राकृतिक आपदाओं से परेशान हैं। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस समिति (एमपीसीसी) के अध्यक्ष नाना पटोले ने इस मामले पर राज्य सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि शिंदे-फडणवीस सरकार की घोषित सहायता राशि भी अभी तक किसानों को नहीं मिली है। प्रशासन धीमी गति से पंचनामा बना रहा है और मानसून की वापसी होने पर भी फसलों को नुकसान पहुंचा है। पटोले ने कहा कि इस वर्ष प्रकृति ने किसान को काफी नुकसान पहुंचाया है। विदर्भ, मराठवाड़ा समेत राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिसमें खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई। सोयाबीन, कपास, अरहर, मक्का, बाजरा की फसलें बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार जल्द से जल्द किसानों की मदद करे, नहीं तो कांग्रेस पार्टी राज्यव्यापी आंदोलन और भी तेज करेगी।

# एटा में सीएम योगी बोले- अब माफियाओं से नहीं विकास से है यहां की पहचान...

**उत्तर प्रदेश :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा को 419 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज एटा की पहचान किसी माफिया के नाम पर नहीं बल्कि विकास से होती है। अपराधी और माफिया जब किसी व्यवस्था में हावी होते हैं तो विकास के काम में घुन का काम करते हैं। सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जिस तरह से काम कर रही है, यह अनवरत ऐसे ही चलता रहेगा। सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ विकास योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके तक पहुंचा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को एटा में विभिन्न विभागों की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास एवं लोकार्पण, विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरण समारोह शामिल हुए। कार्यक्रम में सीएम योगी ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन और पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास की चाबी भी प्रदान की। इससे पहले उन्होंने एटा के जवाहरपुर तापीय विद्युत परियोजना का निरीक्षण किया और अधिकारियों से उसकी प्रगति के बारे में गहनता से चर्चा की।

**एटा का घंटा राम मंदिर परिसर से विदेश भर में सनातन हिंदू धर्म के डंके की आवाज को पहुंचाएगा**

सीएम योगी ने कहा कि एटा की एक अपनी




पहचान होगी, यह कभी कोई नहीं सोचता था। आज मेडिकल कॉलेज के निर्माण का कार्यक्रम अंतिम चरणों में चल रहा है। वहीं एटा के जलैसर के घंटे देश और दुनिया के अंदर हर धार्मिक अनुष्ठान में जब बजते हैं तो एटा और जलैसर का स्मरण हर व्यक्ति कर पाता है। बिना घंटी बजे कोई अनुष्ठान पूरा नहीं होता है। वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडेक्ट के तहत एटा के सभी उत्पादों को जोड़ा गया है। मुझे बताया गया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण के लिए एटा में भव्य घंटा बन रहा है, जो मंदिर परिसर में लगने के बाद देश ही नहीं विदेश भर में सनातन हिंदू धर्म के डंके की आवाज को पहुंचाएगा। सीएम ने कहा कि हमें अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में इसी संकल्प के साथ हम सबको जोड़ने का काम किया है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष की यात्रा में भारत पर शासन करने वाली ब्रिटिश हुकूमत को पछाड़कर दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था बनने को दशार्या गया, जो देश की प्रगति की एक नई कथा को बताती है।

**एटा में खुलेगा स्किल्ड डेवलपमेंट सेंटर**

सीएम योगी ने कहा कि आज देश का विकास काफी तेज गति से हो रहा है जो इंफ्रास्ट्रक्रर डेवलपमेंट की एक नई कहानी को गढ़ता है। वहीं बिना किसी भेदभाव के समाज के हर तबके को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। आपने देखा होगा कि कोरोना काल खंड में पूरी दुनिया पस्त थी, दुनिया के विकसित देश कोरोना महामारी के सामने पूरी तरह पस्त हो चुके थे, लेकिन भारत दुनिया के अंदर एक मात्र ऐसा देश था जो अपने देश की जनता के जीवन और उसकी जीविका को भी बचाने का कार्य कर रहा था। पूरी मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा था। देश में फ्री में टेस्ट, वैक्सीन, खाद्यान्न की सुविधा हर गरीब तक पहुंचाने के काम युद्धस्तर पर चल रहे थे। देश में 80 करोड़ को फ्री खाद्यान्न जबकि प्रदेश में पंद्रह करोड़ लोगों को माह में दो बार फ्री खाद्यान्न डबल इंजन की सरकार ने उपलब्ध कराया। इतना ही नहीं दो सौ करोड़ से अधिक वैक्सीन की डोज देश में जबकि प्रदेश में 39 करोड़ वैक्सीन की डोज फ्री में उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के दो करोड़ युवाओं को स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किये जा रहे हैं।

# उबर कैब ड्राइवर ने की बदसलूकी तो एक्ट्रेस ने लिखी फेसबुक पोस्ट

## मुंबई पुलिस ने कार्रवाई का दिलाया भरोसा



**मुंबई :** फिल्म अभिनेत्री और डायरेक्टर मनवा नाइक ने आरोप लगाया है कि उबर कैब ड्राइवर ने उनके साथ बदसलूकी की और धमकाया. उन्होंने बताया कि यह हादसा उस दौरान हुआ, जब वह टैक्सी लेकर अपने घर जा रही थीं. मराठी और हिंदी फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री ने शनिवार को हुए इस हादसे के बारे में अपने फेसबुक अकाउंट पर लिखा है. मुंबई पुलिस के ज्वाइंट कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) विश्वास नांगरे पाटिल ने अभिनेत्री की फेसबुक पोस्ट का जवाब देते हुए कहा कि पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया है और दोषी के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई की जाएगी.

फेसबुक पोस्ट में अभिनेत्री ने लिखा है कि उन्होंने घर जाने के लिए शाम 8.15 बजे बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स से कैब ली थी. जैसे ही वह कैब में बैठीं, ड्राइवर फोन पर किसी से बात कर रहा था. उन्होंने इसको लेकर ड्राइवर को टोका भी. ड्राइवर ने बीकेसी में एक रेड लाइट को जंप किया, जिसके बाद पुलिसकर्मियों ने उसकी कैब को रोक लिया और उसकी कार की तस्वीर क्लिक कर ली.

ड्राइवर ने ट्रैफिक पुलिसकर्मी के साथ बहस शुरू कर दी. इस पर एक्ट्रेस ने पुलिसकर्मी से कहा कि कैब को जाने दें, क्योंकि वो तस्वीर तो क्लिक कर ही चुके हैं. इस पर ड्राइवर गुस्सा हो गया और एक्ट्रेस पर चिल्लाने लगा. ड्राइवर ने एक्ट्रेस से कहा कि क्या जुमार्ने के 500 रुपए तुम दोगे. इस बहस के बीच एक्ट्रेस ने ड्राइवर से कैब को पुलिस स्टेशन ले चलने के लिए कहा. लेकिन ड्राइवर ने कैब को एक अंधेरे जगह रोक दिया. इसके बाद ड्राइवर ने कार की स्पीड बढ़ा दी और चूनाभट्टी रोड और प्रियदर्शनी पार्क के बीच एक मार्ग की ओर कार को ले गया. एक्ट्रेस ने उबर सेफ्टी हेल्पलाइन को कॉल किया. इसके बाद ड्राइवर ने कार की और स्पीड बढ़ा दी.

एक्ट्रेस ने बताया कि उसने ड्राइवर को कार रोकने के लिए कहा, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया और किसी को कॉल करने लगा. इसके बाद एक्ट्रेस डर गईं और उन्होंने मदद के लिए चिल्लाना शुरू कर दिया. इसके बाद एक बाइक और ऑटोरिक्शा ने कार को रुकवाया और एक्ट्रेस को कार से नीचे उतारा.


# बकायेदारों के खिलाफ पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका की बड़ी कार्रवाई!

**पिंपरी:** संपत्ति कर का बकाया वसूलने के लिए पिंपरी-चिंचवड महानगरपालिका के कराधान और कर संग्रहण विभाग की ओर से बकाया संपत्ति मालिकों के खिलाफ सख्त रुख अख्तियार करना शुरू कर दिया है। पिछले माह में कराधान और कर संग्रहण विभाग ने 31 हजार 971 संपत्तिधारकों, जिन पर 631 करोड़ रुपए का कर बकाया है, को नोटिस जारी की थी। इस कड़ी में शुरू की गई मुहिम के तहत महानगरपालिका ने 40 रिहायशी सहित 153 संपत्ति धारकों के खिलाफ जब्ती की कार्रवाई की। हालांकि इनमें से 58 संपत्ति धारकों ने तत्काल 3 करोड़ 58 लाख 71 हजार 339 रुपए के बकाए का भुगतान कर दिया हैं। पिंपरी-चिंचवड शहर में 5 लाख 79 हजार संपत्तियां दर्ज हैं। चालू वित्त वर्ष में अब तक करीब तीन सौ करोड़ का टैक्स चुकाया जा चुका है। कर संग्रहण का कार्य महानगरपालिका के 17 संभागीय कार्यालयों के माध्यम से किया जाता है। पिछले साल कर संग्रहण विभाग ने 625 करोड़ टैक्स जमा किया था। इस वर्ष के बजट में विभाग के लिए 1000 करोड़ रुपए का लक्ष्य तय किया है। निर्धारित




लक्ष्य पूरा करने के लिए कर संग्रह विभाग लगातार नई-नई योजनाओं को लागू कर रहा है। कर विभाग ने 'मेरी संपत्ति, मेरा कर निर्धारण' योजना शुरू की शहर में अधिकतम संपत्ति कर के अधीन लाने के लिए कर संग्रह विभाग ने 'मेरी संपत्ति, मेरा कर निर्धारण' योजना शुरू की। बड़ी संख्या में संपत्तियां इस योजना के दायरे में आ गई हैं। इसके साथ ही जनसंवाद की तर्ज पर महीने के आखिरी शनिवार को कर संवाद सभा का भी आयोजन किया जा रहा हैं।

महानगरपालिका कमिश्नर खुद कर रहे कार्रवाई की निगरानी निर्धारित बजटीय लक्ष्य को हासिल करने के लिए कम से कम 85 प्रतिशत संपत्ति कर वसूली की चाहिए। इस समग्र स्थिति को देखते हुए यह तय है कि शेष साढ़े पांच माह में जब्ती अभियान और तेज हो जाएगा। एक बार जब्त होने के बाद, संपत्ति के मालिकों को संपत्ति कर के लगभग 15 प्रतिशत अतिरिक्त राशि का भुगतान करना पड़ता है जिसमें वारंट शुल्क, जुमार्ना आदि शामिल है। इसलिए, जब्ती कार्रवाई होने से पहले कर का भुगतान करना नागरिकों के लिए अधिक फायदेमंद होगा। जब्ती की कार्यवाही की निगरानी स्वयं महानगरपालिका कमिश्नर शेखर सिंह कर रहे हैं। अपर आयुक्त प्रदीप जंभाले-पाटिल ने हाल ही में सभी संभागीय अधिकारियों और प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की है। उन्होंने जब्ती की सारी प्लानिंग कराधान और कर संग्रहण विभाग को कर दी है। इन सभी गतिविधियों पर कमिश्नर की पैनी नजर है। कुल मिलाकर महानगरपालिका इस साल के लक्ष्य को हर हाल में पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# महाराष्ट्र में एक शख्स से ठगी, ऑनलाइन डेटिंग के बहाने उड़ाए साढ़े 6 लाख रुपये




**ठाणे :** ठाणे शहर में एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर धोखाधड़ी का शिकार हो गया। शख्स ने कथित तौर पर 'ऑनलाइन डेटिंग' धोखाधड़ी में 6.33 लाख रुपये गंवा दिए। पुलिस ने रविवार को इसकी जानकारी दी। फोन पर ऑनलाइन डेटिंग का मैसेज आया था। जिसके बाद शख्स ठगों के झांसे में आ गया।

**ऐसे झांसे में आया शख्स**

उन्होंने बताया कि इस साल 24 मई को 48 वर्षीय व्यक्ति को फोन पर एक नंबर से मैसेज आया, जिसमें 'ऑनलाइन डेटिंग' का प्रस्ताव दिया गया था। उसने जब उस नंबर पर फोन किया तो एक व्यक्ति ने उसकी ऑनलाइन प्रोफाइल बनाने के लिए 38,200 रुपये मांगे। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने अपना नाम दीपक बताया था। झांसे में आकर शख्स ने ठग को पैसे भेज दिए। जिसके बाद ठग ने कई मौकों पर पीड़ित से पैसे ले लिए।

चीताल्सर थाने के एक अधिकारी ने व्यक्ति की शिकायत के हवाले से बताया कि उससे कई मौकों पर आरोपी ने किसी न किसी बहाने से कुल 6,33,626 रुपये का भुगतान कराया। उन्होंने बताया कि पैसे देने के बाद जब पीड़ित को उसके फोन का कोई जवाब नहीं मिला तो उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के प्रावधानों के तहत शुक्रवार को मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

### विदेश जाने के नाम दिल्ली में हुई थी ठगी

विदेश जाने के लिए प्लेन के टिकट पर 25 से 50 प्रतिशत की छूट देने के बहाने 30 से भी ज्यादा लोगों को ठगी का शिकार बनाने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की पहचान जम्मू निवासी रविंदर कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सौरभ ग्रोवर नाम के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि उसे कुमार का मोबाइल नंबर मिला, जो 25 से 50 प्रतिशत की भारी छूट के साथ अंतरराष्ट्रीय विमानों के टिकट मुहैया करवाने की बात करता था।

# सीएम शिंदे का वादा, स्थानीय लोग बाहर न जाएं इसलिए मुंबई में बनाएंगे किफायती घर...


**मुंबईः** महाराष्ट्र में होने वाले उपचुनाव और नई नवेली बनी सरकार को ध्यान में रखते हुए सीएम एकनाथ शिंदे ने वादा किया है कि मुंबई में किफायती घर बनाएंगे। सीएम ने स्थानीय लोगों को बाहर जाने से रोकने के लिए किफायती घर बनाने की तैयारी में हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि मुंबई को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ शहर बनाना चाहते हैं। इसके लिए हमारी सरकार सभी तरह के प्रयास कर रही है। इस दौरान मुंबई में चल रहे निर्माण कार्यों के बारे में भी लोगों को बताया।



शिंदे गुट के सांसद राहुल शेवाले और डॉ. श्रीकांत शिंदे की फल पर कंस्ट्रक्शन टाइम्स के सहयोग से एक दिवसीय 'मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन 2034' सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसी मौके पर सीएम एकनाथ शिंदे ने अपनी बात रखी, उन्होंने स्थानीय लोगों को बाहर न जाना पड़े इसको लेकर मुंबई में ही किफायती घर बनाने का दावा किया है। उनका यह दावा कितना साकार होगा यह तो आने वाला समय बताएगा। विरोधी पार्टियां इसे सियासी बयान बता रहीं हैं।

# इंफ्राटेक के कर्मचारियों ने किया इतने लाख की धोखाधड़ी

## भिवंडी पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया केस




**भिवंडीः** रियल इस्टेट की नामचीन कंपनी इंफ्राटेक के कुछ कर्मचारियों द्वारा कंपनी के साथ धोखाधड़ी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इंफ्राटेक कंपनी ने इस बात की शिकायत भिवंडी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई है। इस धोखाधड़ी में भिवंडी स्थित कशेली में इंफ्राटेक की मैनेजर सरिता पाटील समेत कुछ कर्मचारी भी शामिल थे। पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गयी शिकायत में बताया गया है कि इंफ्राटेक कंपनी में मैनेजर के रूप में कार्यरत सरिता पाटिल और उसके पति अक्षय पाटिल ने कंपनी के कर्मचारी नितेश बोंगे, देवेंद्र पांडे,राहुल पाटील और साहिल पाटील को अपने साथ मिलाकर लगभग 31 लाख 95 हजार की धोखाधड़ी की। शिकायत में बताया गया है कि सरिता पाटील और अक्षय पाटील इंफ्राटेक में काम करते हुए अपनी खुद की वियांस नामक कंपनी खोली साथ ही इंफ्राटेक में जो भी व्यक्ति जमीन या फ्लैट्स की बुकिंग के लिए आता था यह लोग इंफ्राटेक में बुकिंग करने के बजाय अपनी कंपनी के नाम पर बुकिंग कर ग्राहकों से पैसा जमा कर रहे थे। भिवंडी पुलिस कर रही मामले की जांच धोखाधड़ी की जानकारी इंफ्राटेक कंपनी के वरिष्ठ अधिकारीयों को मिलने के उपरांत कंपनी ने इन लोगों के बारे में जानकारी जुटाई। जानकारी में पता चला कि सरिता पाटील और अक्षय पाटिल ने कुछ कर्मचारियों को अपने साथ मिलाकर कंपनी की आंख में धूल झोंकने का काम कर रहे थे। पूरी जानकारी मिलने के बाद इन सभी लोगों के खिलाफ भिवंडी पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# क्या सीएम एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस के बीच सब कुछ ठीक चल रहा है?

**मुंबई :** क्या मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बीच में सब कुछ ठीक चल रहा है? यह सवाल इसलिए किया जा रहा है क्योंकि मुंबई में रविवार को दो समारोह होने थे, दोनों कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री एकसाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को उपस्थित रहना था, लेकिन दोनों साथ नहीं दिखे.

**फडणवीस कार्यक्रम में पहुंचे पर शिंदे नहीं आए**

दरअसल, सुबह 11 बजे राजभवन में स्टार्ट अप महाराष्ट्र के प्रोग्राम में सीएम एकनाथ शिंदे और फडणवीस दोनों को आना था, लेकिन देवेंद्र फडणवीस कार्यक्रम में




पहुंचे पर सीएम शिंदे नहीं आए. इसके साथ ही इस समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी भी उपस्थित थे.

वहीं, दूसरा कार्यक्रम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अपने शहर ठाणे में था. यह कार्यक्रम बंजारा समाज द्वारा आयोजित किया गया था, यहां मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री दोनों को सम्मानित किया जाना था. ठाणे में होने के बावजूद सीएम एकनाथ शिंदे यहां समय पर नहीं पहुंचे. जबकि डीसीएम देवेंद्र फडणवीस कार्यक्रम से भाषण कर जैसे ही निकले उसके फौरन बाद एकनाथ शिंदे वहां पहुंचे. इसलिए लोग सवाल पूछ रहे है कि क्या मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच सब कुछ ठीक चल रहा है?

उधर, मुंबई की अंधेरी ईस्ट विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं. बीजेपी और शिंदे गुट की शिवसेना ने संयुक्त उम्मीदवार उतारा है. इसे देखते हुए एमएनएस चीफ राज ठाकरे ने उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिख कर गुहार लगाई कि आप इस सीट से चुनाव ना लड़ाएं. राज ठाकरे ने लिखा कि इस सीट पर रमेश लटके विधायक थे. उनके निधन के बाद रमेश की पत्नी इस सीट से चुनाव लड़ रही हैं. मेरा आप से निवेदन है कि आप इस सीट से चुनाव ना लड़ें. ऐसा करके आप उनकी पत्नी को विधायक बना सकते हैं और ये दिवंगत को श्रद्धांजलि होगी.

# सिर्फ 600 रुपये की साड़ी पहने नजर आई कंगना रनौत, कहा- 'राष्ट्रवादी बनिए...'

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत आए दिन किसी न किसी वजह से सुर्खियों का हिस्सा रहती हैं. आखिरी बार उन्हें फिल्म 'धाकड़' में देखा गया था, लेकिन उनकी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी. वहीं इन दिनों अभिनेत्री अपनी आगामी फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चचाओं में हैं. इस फिल्म में वो देश की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आने वाली हैं. अपनी फिल्मी लाइफ के अलावा कंगना



अपने लुक को लेकर भी लाइमलाइट में रहती हैं. साड़ी से लेकर वेस्टर्न ड्रेसेस हर तरह के आउटफिट में वो खूब चजती हैं. वहीं इसी बीच कंगना ने एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो सिर्फ 600 रुपये की साड़ी पहन नजर आ रही हैं. कंगना रनौत ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो साझी की है, जिसमें वो एयरपोर्ट पर नजर आ रही हैं. वहीं एयरपोर्ट लुक में वो साड़ी पहने और खुले बालों में दिख रही हैं. साथ में उन्होंने एक बैग भी कैरी किया हुआ है. इस वीडियो को शेयर करते हुए कंगना ने बताया कि उनकी इस साड़ी की कीमत सिर्फ 600 रुपये है.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com